# अधिक रॉयल्टी वसूलने पर खनन व्यापारियों का प्रदर्शन, लोडिंग बंद

## रॉयल्टी नाका संचालकों और खनन व्यवसायियों के बीच दो दिन से तनातनी का माहौल



बिजौलियां में ठेकेदार के संचालकों द्वारा सेंडस्टोन की अधिक रॉयल्टी वसूलने पर लोडिंग बन्द कर खान व्यवसायियों ने प्रदर्शन किया।

**माण्डलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ के बिजौलियां में सेंडस्टोन रॉयल्टी संवेदक के संचालकों द्वारा सरकार की तयशुदा दर से अधिक रॉयल्टी राशि वसूलने के मामले में नाका संचालकों और खनन व्यवसाइयों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई हैं, इस मामले को लेकर खनिज विभाग के बड़े अफसरों तक शिकायत पहुँचने के बाद भी रॉयल्टी ठेकेदार पर कोई कार्रवाई नहीं की गई हैं, जिससे खनन व्यवसाइयों में आक्रोश बढ़ता जा रहा हैं, खनन व्यवसाइयों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और बुधवार से ही वाहनों में सेंडस्टोन लोडिंग अनिश्चितकालीनबन्द कर दिया हैं,

ऊपरमाल सेंडस्टोन एक्सपोर्ट एवं डवलपमेंट सोसायटी अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि बिजौलियां में मेघराज सिंह संवेदक की फर्म सर्व श्री शिवा कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड को खनिज विभाग ने 12 अप्रैल 2024 से सेंडस्टोन पर रॉयल्टी वसूली का ठेका दिया हैं, गत 12 अप्रैल से संवेदक ने बिजौलियां में रॉयली वसूली का काम शुरू किया। जिसमें बिजौलियां के आधा दर्जन नाकों पर संचालकों द्वारा मनमानी कर निर्धारित से अधिक रॉयल्टी की राशि वसूली शुरू कर दी। इस मामले को लेकर ऊपरमाल सेंडस्टोन डेवलपमेंट सोसायटी के सदस्यों,खनन व्यवसायियों ने स्थानीय अधिकारियों से लेकर मुख्य शासन सचिव को संवेदक पर मनमानी का आरोप लगा कर शिकायत भेजी गई। लेकिन एक सप्ताह बाद भी कोई समाधान नहीं निकला हैं, वहीं बिजौलियां के केसरगंज नाके पर एक सेंडस्टोन से भरे ट्रक से वजन बढ़ा कर वसूली गई रॉयल्टी राशि के मामले को सेंडस्टोन एसोसिएशन के लोगों ने रँगे हाथ पकड़ कर खनिज विभाग के अधिकारियों को सुपुर्द किया।

इस मामले में खनिज विभाग ने संवेदक के खिलाफ नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई हैं, वहीं खनिज विभाग के शासन सचिव ने इस मामले की तथ्यात्मक रिपोर्ट भी तलब की हैं,खनिज विभाग के सूत्रों के मुताबिक ट्रकों में भरे सेंड स्टोन परिवहन में रॉयल्टी संचालकों द्वारा तय से अधिक रॉयल्टी वसूलने की रिपोर्ट बना कर उच्चाधिकारियों को भेज दी हैं। मंगलवार को खनिज विभाग कार्यालय में अधिक्षण खनिअभियन्ता सतर्कता, खनिअभियन्ता बिजौलियां, संवेदक के सदस्य और खनिज व्यवसायियों के बीच करीब 3 घण्टे तक उक्त समस्या समाधान पर काफी मंथन चला।लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकलने से रॉयल्टी संचालकों की मनमानी लगातार जारी हैं। बैठक के थोड़ी देर बाद ही केसरगंज चौराहे के नाके पर

■ रॉयल्टी ठेकेदार के खिलाफ आक्रोशित खनन व्यापारियों ने नारेबाजी की

एक ट्रक में लड़े 36 टन सेंडस्टोन की 42 टन बता कर रॉयल्टी वसूल कर ली। इस मामले को लेकर खनन व्यवसायियों ने ठेकेदार के खिलाफ जम कर नारे बाजी कर प्रदर्शन किया।

दूसरी ओर संवेदक के प्रतिनिधि राजेश चौधरी का कहना है कि निर्धारित राशि से ही रॉयल्टी राशि ली जा रही हैं, ओवरलोड़ वाहनों के हिसाब से भी रॉयल्टी अधिक बनती हैं। उसको लेकर कुछ लोगों द्वारा हंगामा खड़ा किया जा रहा हैं। वहीं ऊपरमाल में दो हजार से अधिक सेंडस्टोन की खदाने ओर स्टॉक संचालित है।लेकिन अन्य खनन व्यवसायियों को कोई आपत्ति नहीं हैं। इस दौरान मोहनलाल धाकड़, सुरेश कुमार, सुनील कुमार जैन, दीपक मेड़तिया, रमेश चन्द्र धाकड़, नरोत्तन, सुनील कुमार धाकड़, शंकर लाल धाकड़ सहित कई खनन व्यवसायियों ने उच्चाधिकारियों को शिकायत कर निर्धारित रॉयल्टी राशि वसूलने की मांग की हैं।

# जन्म देते ही नवजात को लाडपुरा में नदी किनारे कचरे में फैंका

## पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर नवजात को बाल कल्याण समिति को सौंपा




लाडपुरा में मिली नवजात बच्ची का पुलिस ने अस्पताल में उपचार कर बाल कल्याण समिति को सौंपा।

**माण्डलगढ़,** (निसं)। नवरात्र में लोग देवी की पूजा में जुटे हुए हैं,कन्या पूजन किया जाता हैं, वहीं दूसरी ओर जन्म होने के कुछ देर बाद ही एक निष्ठुर माता-पिता के एक दुधमुंही बच्ची को कचरे के ढेर में फैंकते वक्त हाथ नहीं काँपे। मांडलगढ़ के लाडपुरा कस्बे में नदी किनारे रोती-बिलखती एक नवजात बच्ची को पुलिस ने बरामद किया। इस मामले को लेकर कस्बे में सनसनी फैल गई,यह माजरा देखने मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।

दरअसल लाडपुरा के पास नदी किनारे एक महिला वेस्ट पॉलीथिन एकत्रित करने गई थी,जहाँ झाड़ियों ओर कचरे में एक नवजात लावारिश हालत में रोती- बिलखती नजर आई,महिला ने ग्रामीणों ओर पुलिस को सूचना दी, मांडलगढ़ थाना प्रभारी शिवचरण टीम के साथ मौके पर पहुँचे, और नवजात को कब्जे में लेकर मांडलगढ़ के सरकारी अस्पताल में लेकर आए।जहाँ चिकित्सकों ने नवजात बालिका का जन्म थोड़ी देर पहले होना बताया, बालिका का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमें वह स्वस्थ एवं परिपूर्ण पाई गई। पुलिस ने नवजात बालिका को भीलवाड़ा में बाल कल्याण समिति को ले जा कर सौंप दिया हैं, जहाँ उसका चिकित्सकों की निगरानी में लालन -पालन किया जाएगा।

जहाँ बच्ची को फैंका गया, वहां आवारा कुत्ते मंडराते रहते हैं, लेकिन गनीमत रही कि एक महिला पॉलीथिन संग्रहण करती वहाँ पहुँच गई, जिससे नवजात बच्ची की जान बच गई। पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं, प्रथम दृश्य मामला प्रेम प्रसंग में पैदाइश का लग रहा है, फिलहाल पुलिस कुमाता महिला की तलाश जुटी हैं।


# 'मोदी-भूपेंद्र की गारंटी अलवर को आगे ले जा सकती है'



भूपेंद्र यादव।



ललित यादव।



फजल हुसैन।

**अलवर,** (निसं)। देश में होने जा रहे लोकसभा के प्रथम चरण के चुनाव का प्रचार थम चुका है। 19 अप्रैल को अलवर क्षेत्र के 20 लाख से ज्यादा मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम मशीन का बटन दबाकर बंद कर देंगे। अलवर की जनता 5 साल के लिए फिर से अपना एक बार देश की सबसे बडी पंचायत में सांसद जिताकर सेवक चुनने के लिए जा रही है। 2024 के चुनाव में भाजपा से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव मैदान में है तो कांग्रेस ने अलवर की मुंडावर विधानसभा से विधायक ललित यादव को टिकट देकर दांव चला है। बसपा से पूर्व मंत्री चौधरी चाहिए हुसैन के बेटे फजल हुसैन किस्मत आजमा रहे हैं।

जनता का मूड इस बार क्या है। क्या इस बार भी जनता मोदी पर भरोसा कर अलवर में हैट्रिक लगाएगी। वोटर 2024 के होने जा रहे चुनाव में मोदी की गारंटी को और मोदी की गारंटी पर अलवर से चुनाव लड रहे भूपेंद्र यादव को किस नजरिया से देख रही है। लोगों का मानना है मोदी, भूपेंद्र की गारंटी देश में अलवर को आगे लेकर जाएगी। दूसरी तरफ कांग्रेस प्रत्याशी मुंडावर विधायक ललित यादव स्थानीय के मुद्दे पर चुनाव लड रहे हैं। लोगों का मानना है कि राजस्थान में भाजपा की सरकार और केंद्र में मोदी आएंगे ऐसे

■ अलवर में दो यादव के बीच हो रहे चुनाव को कांग्रेस-भाजपा व अपने पराए से ऊपर उठकर विकास पर देखा जा रहा है

में कांग्रेस के ललित यादव अलवर के लिए क्या विकास कर पाएंगे यह एक बडा सवाल जनता के दिलों दिमाग में चल रहा है। लोगों के दिलों दिमाग में यह भी स्पष्ट है कि भूपेंद्र यादव जीतकर मंत्री बनेंगे। यह बात अलग है कि 2014 और 2019 के चुनाव में जनता ने केवल मोदी के नाम पर वोट किए और इस बार जनता मोदी के साथ भूपेंद्र को देखकर वोट कर रही है।

अब भूपेंद्र यादव 2019 के जीत के आंकडे को पार करते हैं या नहीं परंतु शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों के मूड को देखकर यह कहा जा सकता है कि भूपेंद्र यादव चुनाव जीत रहे हैं और अच्छे वोटों से जीत रहे है। यह बात अलग है कि 370 प्लस बूथ को जीतने में भाजपा को कहां तक सफलता मिलती है। अलवर में दो यादव के बीच हो रहे चुनाव को कांग्रेस भाजपा व अपने पराए से ऊपर उठकर विकास पर देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि चुनाव से पहले सब उम्मीदवार विकास के बडे बडे दावे करते हैं

राजस्थान में भाजपा की सरकार बन चुकी है जो 5 साल तक रहने वाली है। देश में मोदी की सरकार बनने जा रही है। ऐसे में अलवर का विकास कौन करा सकता है यह सबके सामने स्पष्ट है। गांव और शहर में रहने वाले लोग यह भी मानते हैं कि भूपेंद्र यादव जैसा कद्दावर नेता अलवर को फिर दोबारा से मिलने वाला नहीं है। अलवर में कांठोस को चुनाव की शुरुआत में ही कांग्रेस के कद्दावर एवं पूर्व सांसद करण सिंह यादव अलवर जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर सहित बडी संख्या में कांग्रेस को छोड़कर जाने से भी झटका लगा है। जब कार्यकर्ता और नेता ही पार्टी छोड़कर चले जाए तो फिर मतदाता सोचने के लिए मजबूर हो जाता है कि वोट दे या ना दे। प्रियंका गांधी का दो दिन पहले अलवर में हुआ रोड शो फ्लॉप हो गया रही सही कसर रोड शो के दौरान मुस्लिम समुदाय के बड़े नेता व रामगढ़ से विधायक जुबेर खान के साथ बदसलूकी के बाद कांग्रेस नेताओं में ही टकराव की स्थिति बन गई। यह भी कांग्रेस के लिए बड़ा नुकसान का कारण साबित हो रहा है।

# वाहन चोरी का शातिर आरोपी पकड़ा

**जोधपुर,** (कासं)। शहर की महामंदिर पुलिस ने शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर चोरी की एक बाइक को जब्त किया है। आरोपी से पूछताछ में पता लगा कि उसने पिछले डेढ़ माह में दस वाहन चोरी किए है। आरोपी नशे का आदी है और शौक मौज की पूर्ति के लिए वाहन चुराता है। उसकी निशानदेही पर अन्य गाडिय़ों की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे है।

थानाधिकारी शिवलाल मीणा ने बताया कि 15 अप्रेल को पृथ्वीपुरा रसाला रोड निवासी दिनेश बारासा ने रिपोर्ट दी कि उसके घर के सामने खड़ी उसकी बाइक 13 अप्रेल की रात को चोरी हो गई। 14 की सुबह उठने पर उसे पता लगा। तब उसने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोपी का पता

■ आरोपी ने मार्च-अप्रेल के मध्य में दस वाहनों को चुराया है

लगाने के लिए पुलिस की एक टीम हैडकांस्टेबल सतीशचंद, कांस्टेबल प्रकाश, गोपाल, रजनीश एवं सुरेश की गठित की गई। पुलिस की टीम ने आरोपी पृथ्वीपुरा रसाला रोड हरिजन बस्ती निवासी आशिष गुजराती गुजराती को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी की बाइक को जब्त किए जाने के साथ पूछताछ में पता लगा कि उसने मार्च -अप्रेल के मध्य में दस वाहनों को चुराया है।

# युवक की मौत

**बाप,** (निसं)। बाप उपखंड क्षेत्र के रावरा गांव निवासी एक युवक की नहर में गिरने से मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को ग्रामीणो के सहयोग से बाहर निकलवा कर बाप स्थित सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया है। राजूराम पुत्र रेंवतराम निवासी रावरा ने पुलिस को बताया कि उसका भाई कानाराम की दिमागी हालात ठीक नही है। मंगलवार को भी वह घर से निकल गया था। उसे बाप में तथा शाम करीब 7 बजे 42 आरडी भींवजी का गां नहर में पानी पीते देखा गया था। लेकिन रात को घर नहीं लौटा। रात भर तलाश करने के बाद भी वही नही मिला। बुधवार सुबह 42 आरडी के पास लगी जाली मे अटका हुआ उसका शव मिला। परिजनो ने पुलिस को दी रिपोर्ट मे बताया कि संभवत- नहर में पानी पीते समय पैर फिसलने से वह नहर में गिर गया। जिससे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई।

# अपहरण व मारपीट के तीन आरोपी पकड़े

**बालोतरा,** (निसं)। पुलिस अधीक्षक कुन्दन कंवरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक शानदार कार्यवाही करते हुए अपहरण और मारपीट के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार मुकेश नाई नामक व्यक्ति ने थाना बालोतरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 अप्रैल 2०23 को रात 10०-11 बजे जब वह अपनी मोटरसाइकिल से छतरीयों मोर्चा से सेकेन्ड फाटक जा रहा था, तब आरोपी पनालाल, हरिश, किशोर, भगाराम, कमलेश, करण, अजय और दो अन्य लोगों ने उसे रोककर मारपीट की। इसके बाद, उसे उठाकर पनालाल के घर ले जाया गया जहाँ उसके हाथ-पैर बांधकर उसके साथ फिर से मारपीट की गई। आरोपियों ने पुलिस को भी बुलाया और झूठे आरोप लगाकर मुकेश को पुलिस को सौंप दिया।

शिकायत की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्रकुमार के सुपरविजन में एक टीम का गठन किया। वृत्ताधिकारी मनीषा गुर्जर के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार किशोर कुमार (50) पुत्र घेवरचन्द जाति माली, उम्र निवासी बालोतरा,कमलेशकुमार (23) पुत्र किशोरकुमार जाति माली, निवासी बालोतरा, करण (24)पुत्र पुखराज जाति माली, निवासी बालोतरा कों गिरफ्तार किया।

# बाइकों की भिड़ंत, चाकू से हमला किया

**शाहपुरा,** (निसं)। कस्बे के बांडी मोहल्ला में दोपहर के लगभग दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई गुस्साए। गुस्साए युवक द्वारा आपसी बोलचाल के बाद दीपेंद्र सिंह खंगारोत पर चाकू से हमला कर दिया।

हमले में चाकू का वार से हाथ में कट लग गया। गनीमत रही की चाकू की पेट में नहीं लगी। देखते ही देखते लोग एकत्रित हो गए तथा घायल को बिठाया फिर चिकित्सालय पहुंचाया गया। घायल दीपेंद्र सिंह का प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस थाने में पहुंचे, इस दौरान राजपूत समाज के काफी संख्या में नौजवान थाने के बाद एकत्रित होकर कार्रवाई की मांग करने लगे।

मोहसिन देशवाली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस द्वारा मामले में तुरन्त कार्रवाई करते हुए पुलिस उपाधीक्षक रमेश तिवाड़ी के निर्देशन में थानाधिकारी महावीर प्रसाद शर्मा द्वारा मोहसिन देशवाली व राजू धाकड़ को हिरासत में लिया।

# जंगल के बीच नाले को पार कर मतदान कराया



गोगुन्दा क्षेत्र में मग्घा गांव जाने के लिए होम वोटिंग टीम ने नाला पार कर वरिष्ठ नागरिक नोजकी देवी से मतदान कराया।

**उदयपुर,** (निसं)। भारतीय लोकतंत्र पूरे दुनिया के लिए अचरज का कारण बना हुआ है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की निर्वाचन प्रक्रिया तो कई विश्वविद्यालयों के लिए अध्ययन का विषय बनी हुई है।

लोकतंत्र की मजबूती जहां एक तरफ मतदाताओं के उत्साह पर निर्भर है, वहीं दूसरी ओर मतदान प्रक्रिया में जुटे कार्मिकों के समर्पण में भी निहित है। इसकी बानगी होम वोटिंग के दौरान देखने को मिल रही है। मतदान दल हाथों में वोटिंग की सामग्री थामे पथरीली राहों पर कई किलोमीटर पैदल चल कर मतदाताओं के घर पहुंच कर वोटिंग करा रहे हैं। उदयपुर संसदीय क्षेत्र में अरावली की उपत्यकाओं के बीच स्थित गोगुन्दा विधानसभा क्षेत्र दुर्गम स्थल माना जाता है। यहां पहाड़ियों, जंगलों और नदी नालों के बीच जनजाति आबादी निवास करती है।

होम वोटिंग टीमें तमाम भौगोलिक विषमताओं के बावजूद कर्तव्य निर्वहन में पीछे नहीं हट रहे। बुधवार को गोगुन्दा विधानसभा क्षेत्र में मतदान दल क्रमांक 1 के पीठासीन अधिकारी और टीम जंगल में नाले को पैदल पार कर मग्घा गांव में वरिष्ठ नागरिक नोजकी देवी के घर पहुंचे और उनसे मतदान कराया। इससे पूर्व भी गोगुन्दा और झाडोल क्षेत्र में दुर्गम स्थलों पर मतदान टीमों के पहुंच कर मतदान कराने के उदाहरण सामने आ चुके हैं।

# 170 किलो मिल्क केक व 93 किलो मलाई बर्फी जब्त

**बून्दी,** (निसं)। बुधवार को एफएसटी टीम द्वारा की गई कार्रवाई में 172 किलो मिल्क केक व 95 किलो मलाई बर्फी को सेम्पल लेकर सीज किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि बुधवार को एफएसटी टीमबून्दीटीम द्वारा ईको गाडी वाहन संख्याआरजे 25न्। 3860 कोडिटेनकर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बून्दी पर लाया गया। मौके पर वेन में लगभग 2-2 किलोठााम के मिल्क केक 86 बॉक्स गत्ता पैक तथा 5-5 किलोठााम के 19 बॉक्स मलाई बर्फ़ (दूध व शक्कर से निर्मित स्वीट्स) गत्ता पैक में रखे हुए थे। मौके पर सैंपल लेकर एमएफटीएल आईएस टेस्ट करवाया गया, जिसमें स्टैच पॉजिटिव पाया गया। जिला मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ पी सामर के निर्देशानुसार मिलावट का शक होने पर एफएसएसए 2006 के तहत मिल्क केक व मलाई बर्फी के 2 नमूना जांच के लिए लेने की सूचना मौके पर खाद्य कारोबारकर्ताकों दी गई।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने फांसी लगाई

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा तहसील कार्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी धनराज मेहरा के पुत्र ने बुधवार को अपने ही घर मे फांसी लगााकर आत्महत्या कर ली।

मृतक विष्णु मेहरा उम्र 23 वर्षीय पुत्र धनराज मेहरा निवासी इन्द्रा कॉलोनी रावतभाटा ने अज्ञात कारणों के चलते आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता धनराज मेहरा बुधवार को प्रातः ही लोकसभा चुनाव के लिए चित्तौड़गढ़ चुनाव ड्यूटी पर निकले थे। मृतक के चाचा राजेन्द्र ने बताया कि उसके भतीजे ने घर पर पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना के समय विष्णु घर पर अकेला था। मृतक का भाई आकाश को जानकारी मिलते ही वह घर पहुंचा और पड़ोसियों को बुलवाकर उसे उपजिला अस्पताल रावतभाटा लेकर पहुंचा। जहां जांच के बाद ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रावतभाटा थानाधिकारी रायसल सिंह शेखावत ने जानकारी देते हुए बताया की रावतभाटा पुलिस ने उपजिला अस्पताल रावतभाटा पहुंचकर घटना की जानकारी ली। तथा शव को कब्जे में लिया। रावतभाटा पुलिस द्वारा शव मॉर्च्यूरी में रखवा दिया गया है। तथा शव का पोस्टमार्टम गुरूवार को किया जायेगा।

जानकारी के अनुसार एक सप्ताह पहले 11 तारीख को मृतक के नाना भैंसरोडगढ़ निवासी शंभूलाल मेहर का देहांत हो गया था। मृतक की माता सीमा भी घटना के समय भैंसरोडगढ़ में ही थी। मृतक के चार भाई है। विष्णु तीसरे नंबर का था। वह रावतभाटा स्थित एक बेकरी की दुकान पर काम करता था। पड़ोसियों ने बताया की मृतक विष्णु मेहरा शांत प्रवृति का अच्छा युवक था।

# कांग्रेस पार्टी में ईमानदारी से काम करने वालों को कठघरे में खड़ा किया जा रहा है : राजेन्द्र सिंह

**कोटपूतली,** (निसं)। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान की तारिख नजदीक आते-आते क्षेत्र का राजनैतिक माहौल लगातार गर्माता जा रहा है। गत दिनो आयोजित कांग्रेस की जनसभा में राजेन्द्र सिंह यादव को लेकर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की बोखलाहट देखने की मिली। रंधावा पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के कांगेस छोड़ भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्ण रूप से व्यथित नजर आए।

जयपुर ग्राामीण से कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चौपड़ा के समर्थन में ग्राम मोलाहेड़ा में आयोजित जनसभा में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने एआईसीसी महासचिव व पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट व राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा की मौजूदगी में कहा था कि मैने राजेन्द्र सिंह यादव से पूछा था कि आप भाजपा में जा रहे हो तो उन्होंने मना किया था। रंधावा ने कहा कि यादव ने मुझसे व राजनैतिक रूप से जन्म देने वाली कांग्रेस पार्टी से विश्वासघात किया है। यादव कांग्रेस को खत्म करके गये है। उन्होंने पार्टी को धोखा दिया है, हम तो सह लेगें लेकिन उन्होंने भाजपा में जाकर राजनैतिक रूप से आत्महत्या कर ली है।

वहीं रंधावा के बयान पर प्रेस वार्ता में पलटवार करते हुये पूर्व मंत्री यादव ने कहा कि प्रदेश प्रभारी का बयान बहुत ही खेदजनक व दुर्भाग्यपूर्ण है, इससे क्षेत्रवासियों एवं यादव समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस पार्टी में ईमानदारी से काम करने वालों को कठघरे में खड़ा किया जा रहा है जबकि राजनैतिक षड्यंत्र के बावजूद भी मेरे समर्थन में कोई बयान नहीं दिया गया। केन्द्रीय एजेंसी ईडी व आईटी की सर्च के बावजूद भी मैने पार्टी के आदेश पर ईमानदारी से चुनाव लड़ा। लेकिन चुनाव के बाद बदले हुये हालातों में यह समझ में आया कि कांग्रेस में तानाशाही की स्थिति बन चुकी है। मैने इसलिए राजनैतिक रास्ता बदला है। पीठ में

■ राजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कांग्रेस में तानाशाही की स्थिति बनी

छुरा घोपने के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुये यादव ने कहा कि यह मेरे एवं मेरे समाज की फितरत में नहीं है। अगर मारना ही होता तो छाती पर लात मारते और सरकार गिरा देते। कांग्रेस पार्टी में जिलाध्यक्ष रहते हुये जयपुर ग्रामीण से 7 विधायक जितवाये। ज्यादातर नगर पालिकाओं व पंचायत समितियों में कांग्रेस को जीत दिलवाई। जितने दिन पार्टी में रहे ईमानदारी से कार्य किया। यादव ने कहा कि जिस तरह से बयान दिये जा रहे है कांग्रेस पार्टी की और दुर्दशा होने वाली है। कांग्रेस की सोच खिसियानी बिल्ली, खम्भा नोंचे वाली हो चुकी है। रंधावा साहब को मेरी चिंता नहीं करनी चाहिये, मैं लगातार भाजपा के लिये कार्य कर रहा हूँ। यहाँ का अनुशासन अच्छा लगा, वर्तमान में जो देश की स्थिति है, उसको लेकर भाजपा सही दिशा में कार्य कर रही है।

उन्होने कहा कि राम मंदिर पर कांग्रेस का स्टैंड क्या था दुनिया जानती है। कांग्रेस पार्टी दो धड़ों में बंटी हुई है। विषम परिस्थितियों में लगातार 05 वर्षो तक कार्य करना पड़ा। जिस तरह से चिढ़ कर बयान दिये जा रहे है यह प्रजातंत्र के हित में भी नहीं है। निश्चित रूप से भाजपा प्रचण्ड बहुमत से लोकसभा चुनाव में विजयी होगी। अगर रंधावा को कोई तकलीफ थी तो जिस दिन मैने कांग्रेस छोड़ी उसी दिन उन्हें प्रतिक्रिया देनी चाहिये थी।

रंधावा को कांग्रेस की फिक्र थी तो सभी को साथ लेकर बात करनी चाहिये थी। वे स्वयं एक व्यक्ति की कठपूतली बने हुये है। उनके राजस्थान सम्भालने के बाद प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति बदतर हो गई। रंधावा एक व्यक्ति के लिये कांग्रेस को डुबोने में लगे हुये है। रंधावा स्वयं पंजाब में कांग्रेस की राजनीति से कुंठित है वो पंजाब में कांग्रेस को सुलटाकर आये है एवं राजस्थान में कांग्रेस को निपटाने में लगे हुये है। मैं भाजपा में किसी लालच या पद के लिये नहीं आया हूॅ। मुझे मेरे क्षेत्र व लोगों की भलाई एवं विकास के लिये कार्य करना है। भजन लाल सरकार ने ईआरसीपी का जो मुद्दा सुलझाया है वह ऐतिहासिक कदम है। आने वाले दिनों में कोटपूतली को रेल लाईन से जोड़ना एवं जिले का सर्वांगीण विकास कराना मेरी प्राथमिकता है।